

# छोटी बच्ची का स्कर्ट

**इस ट्यूटोरियल में आप अपनी गुड़िया के लिए एक आकर्षक लेयर्ड स्कर्ट बनाना सीखेंगे।**



अगर आपके घर में एक बच्ची है, जो लेस वाली और सुंदर चीजों से प्यार करती है, तो यह आपके लिए है। इस ट्यूटोरियल में आप अपनी गुड़िया के लिए एक आकर्षक लेयर्ड स्कर्ट बनाना सीखेंगे। आइए शुरू करते हैं...

आपकी 10 से 12 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए एक लेयर्ड स्कर्ट बनाने के लिए आपको आवश्यकता होगी - कपड़े के दो टुकड़े - दो में फोल्डेड 20.5 इंच लंबाई और 23.5 इंच चौड़ाई वाला साटन का एक टुकड़ा, 16.5 इंच लम्बाई और 23.5 इंच का दो में फोल्ड किया हुआ लेस फैब्रिक का टुकड़ा, मैचिंग धागे, इलास्टिक की लम्बाई, सेफ्टी पिन, और बीडेड पिन्स।

हम पहले साटन कपड़े पर काम करेंगे। यह लंबाई है ... और यह चौड़ाई। यह उलटी बाजु है, और यह कपड़े की सीधी बाजु है।

साटन कपड़े को, सही बाजुए एक दूसरे के सामने रहे ऐसे आधे में मोड़े, इस तरह।

सुरक्षित करने के लिए बीडेड पिन का उपयोग करें।

लेस फैब्रिक की सीधी बाजुए एक दूसरे के आमने-सामने रहे वैसे मोड़े। फिर से सुरक्षित करने के लिए बीडेड पिन का उपयोग करें।








हम दोनों पिन की गई बाजुओं को अलग-अलग सिलाई करेंगे। अब मशीन को सेट करें - स्ट्रेट स्टिच के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को **A** पर करें, और स्टिच लेंथ को ढाई पर सेट करें।

रिवर्स सिलाई के साथ शुरू करें और पहले लेयर की पिन की गई साइड, साटन कपड़े को सीले। जैसे ही आप सिलाई करते जाए वैसे पिन्स निकालना याद रखें। समाप्ति भी रिवर्स स्टीच के साथ करें।

इसी तरह लेस फैब्रिक की पिन की गई साइड को सिल लें। अतिरिक्त धागे ट्रिम करे।



हमने अभी साइड सीम की सिलाई पूरी की है। अब हम साटन कपड़े के हेम पर काम करेंगे। लेस फैब्रिक का एक किनारा स्कोलेप्ड है इसलिए उसे हेम करने की आवश्यकता नहीं है।


इस तरह से लगभग आधे इंच में फोल्ड करे और फिर से लगभग तीन-चौथाई इंच में। और पिन कर ले।

पिन की गई किनार पर सिले, पिन्स को निकालते जाए।





कपड़ों के दोनों टुकड़ों को अंदर से बाहर की ओर मोड़ें - मतलब सही बाजु बाहर और सभी सिले हुए सीम अंदरूनी तरफ।



साटन फैब्रिक को लेस फैब्रिक के अंदर रखे, जिससे साटन फैब्रिक की सही बाजु लेस फैब्रिक की उलटी बाजु के सामने रहे, मुझे फॉलो करे और देखे मैं कैसे कर रही हूँ।

दोनों फैब्रिक के टुकड़ों के साइड सीम को एक तरह से समतल करें। दोनों सीम को मैच करें और उन्हें पिन करें।

दोनों टुकड़ों को टॉप पर एक साथ फोल्ड करे, पहले आधा इंच और फिर से लगभग एक और तीन-चौथाई इंच ... इस तरह। पिन कर ले।



साइड सीम से साढ़े पांच इंच मापे और मार्क करें। साढ़े पांच इंच के मार्क से डेढ़ इंच दूर एक और पॉइंट मार्क करें।

हम दूसरे पॉइंट पर समाप्त हो रहे सभी में से एक मार्क किए गए पॉइंट से सिलाई करेंगे।

डेढ़ इंच के ओपनिंग में आप इलास्टिक दाखिल कर पाएंगे। पिन किए गए किनारों के साथ सीले। रिवर्स सिलाई के साथ शुरू और अंत करना याद रखें।

जैसे आप सिलाई करते जाए, पिन निकाल लें।

स्कर्ट के सामने इलास्टिक को मापें... इस तरह। लगभग दो इंच अतिरिक्त लें और काट लें। सेफ्टी पिन की मदद से ओपनिंग में से इलास्टिक पास करें।

इलास्टिक के दूसरे छोर को गायब होने से रोकने के लिए इसे ओपनिंग पर एक पिन के साथ सुरक्षित करें।

इलास्टिक को दूसरे छोर से बाहर निकाल लेने के बाद, दोनों किनारों से पिन निकाल ले। फिर किनारों को इस तरह से ओवरलैप करें और दोनों को एक साथ पिन करें। बस सुनिश्चित करें कि इलास्टिक पुरे केसिंग में सीधा रहे।

दोनों इलास्टिक किनारों को... इस तरह सिलाई करें - ओवरलैप हिस्से पर एक आयत यानि रेक्टेंगल बनाएं - कोनो को घुमाते वक्त सुई इलास्टिक के अंदर हो यह सुनिश्चित करे।

केसिंग के अंदर इलास्टिक को सीधा करें। अब, हम ओपनिंग को बंद करेंगे। कुछ नजदीकी टांके से ओपनिंग को सिले। अतिरिक्त धागा ट्रिम करें। आपका लेयर्ड बेबी स्कर्ट बस तैयार है।

लेयर्ड स्कर्ट बच्चों पर बहुत सुंदर लगती हैं क्योंकि यह एक खुश-मिजाज और ऊर्जावान फील प्रदान करता है। आप अलग-अलग लुक के लिए अलग-अलग फैब्रिक के साथ प्रयोग कर सकते हैं।

इसका आनंद ले!